मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 99, मुंबई, शनिवार, 8 जून, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## सीएम एकनाथ शिंदे को लगेगा बड़ा झटका

### उद्धव ठाकरे गुट में शामिल हो सकते हैं 6 विधायक



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।**लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में अटकलों का दौर शुरू हो गया है। लोकसभा चुनाव में शिंदे और अजित गुट को बड़ी हार मिली है। शिंदे गुट मौजूदा सांसदों की सीटें भी बरकरार नहीं रख सका है। लोकसभा चुनाव में मौजूदा सांसदों में से सिर्फ सात सांसद ही चुने गए हैं। ऐसे में विधासनभा चुनाव से पहले शिंदे गुट के खेमे में भगदड़ मचने के आसार हैं। सूत्रों का कहना है कि शिंदे गुट के छह विधायकों ने उद्धव ठाकरे से संपर्क किया है। ये सभी छह विधायकों ने ठाकरे समूह में शामिल होने की इच्छा जताई है। शिवसेना शिंदे गुट के 6 विधायक शिवसेना ठाकरे के संपर्क में हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### अजित की बैठक से गैरहाजिर थे 5 विधायक

न सिर्फ शिंदे गुट में, बल्कि अजित पवार गुट और बीजेपी में भी लोकसभा चुनाव के बाद से बेचैनी है। इस लोकसभा चुनाव में शिंदे गुट, अजित गुट या बीजेपी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। गुरुवार को अजित पवार की बैठक से पांच विधायक अनुपस्थित थे। विधायकों की अनुपस्थित को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। हालांकि बाद में अजित पवार गुट की ओर से प्रतिक्रिया आई है कि सभी विधायक उनके संपर्क में हैं।



## सुप्रिया सुले की अजित पवार को चुनौती

### ...कहा- अब छत्रपति शुगर फैक्ट्री का लड़ेंगी चुनाव

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव में कई मुकाबले अहम रहे हैं। इस चुनाव में न सिर्फ महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश का ध्यान बारामती लोकसभा चुनाव के परिणाम पर टिकी हुई थी, क्योंकि यहां से शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार दोनों एक दूसरे के सामने खड़ी थीं। आखिरकार सुप्रिया सुले ने यह चुनाव भारी अंतर से जीत लिया और सुनेत्रा पवार को हरा दिया। लोकसभा का यह चुनाव जीतने के बाद सुप्रिया सुले ने अजित पवार को खुली चुनौती दी है। उन्होंने घोषणा की कि वह अजित पवार के प्रभाव वाले इंदापुर तालुका के भवानी नगर में छत्रपति शुगर फैक्ट्री का चुनाव लड़ेंगी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## 300 करोड़ की प्रॉपर्टी, भाड़े के हत्यारे, कार से कुचलवाया...

### बहू ने कराई ससुर की हत्या

### पुलिस ने आरोपी बहू अर्चना को गिरफ्तार किया



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक बहू ने अपने ससुर की हत्या इस वजह से करा दी, क्योंकि 300 करोड़ पैतृक संपत्ति में ससुर उसे हिस्सा नहीं दे रहे थे। इसके लिए उसने बकायदा दो सुपारी किलरों से संपर्क किया और एडवांस में दो लाख रुपए दिए। इसी दो लाख रुपए से आरोपियों ने एक कार खरीदी और बुजुर्ग को कुचलकर मार डाला। आरोपियों ने हत्या को हादसा दिखाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उनकी पोल खोलकर रख दी। पुरुषोत्तम पुट्टेवार (80) के पास 300 करोड़ रुपए की पैतृक संपत्ति थी।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## महाराष्ट्र में बड़े सियासी फेरबदल के संकेत

### ...क्या फडणवीस के इस्तीफे के बाद गिरीश महाजन होंगे नए डिप्टी सीएम?

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा फेरबदल की खबर आ रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा देने की तैयारी में हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने देवेंद्र फडणवीस को मनाने की काफी कोशिश की जा रही है, लेकिन देवेंद्र फडणवीस अपने इस्तीफे पर अड़े हुए हैं। अगर देवेंद्र फडणवीस ने इस्तीफा दिया तो महाराष्ट्र में बीजेपी का उपमुख्यमंत्री कौन होगा? ये एक बड़ा सवाल है। सूत्रों के मुताबिक ऐसी संभावना है कि अगर देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा देते हैं तो संकटमोचक माने जाने वाले बीजेपी नेता गिरीश महाजन को महाराष्ट्र का उपमुख्यमंत्री बनाया जाएगा। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### अमित शाह से मिले फडणवीस, संगठन को मजबूत करने में जुटेंगे फडणवीस

अमित शाह ने फणनवीस से कहा कि राज्य में बीजेपी के लिए क्या किया जा सकता है, इस पर एक योजना तैयार करें और काम जारी रखें। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में हार के बाद बीजेपी राज्य में एक्शन मोड में आ गई है। विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी एक बार फिर जनादेश यात्रा निकालने जा रही है। बीजेपी पूरे प्रदेश में जनादेश यात्रा निकालने जा रही है। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जनादेश यात्रा का नेतृत्व करेंगे।बीजेपी पूरे प्रदेश में मंडलवार लोगों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। देवेंद्र फडणवीस राज्य में बीजेपी के सबसे बड़े नेता हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अबकी बार विपक्ष को मौका

लोकतंत्र में जनता सिर्फ सरकार नहीं चुनती है। वह विपक्ष भी चुनती है। इस बार उसने बहुत मजबूत विपक्ष चुना है। इतना मजबूत, जितना आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं रहा है। इससे पहले और भी कमजोर सरकारें रही हैं लेकिन इतना मजबूत विपक्ष कभी नहीं रहा है। पहले कई बार विपक्ष में ज्यादा सांसद होते थे लेकिन वे एक दूसरे खिलाफ चुनाव लड़ कर आए होते थे। वे विपक्ष की बेंच पर बैठते थे लेकिन वह साझा विपक्ष नहीं कहलाता था। पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्तारूढ़ गठबंधन 293 सांसदों के साथ एक तरफ होगा तो दूसरी ओर 204 सांसदों का मजबूत विपक्ष होगा। अगर इसमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जोड़ लें तो संख्या 233 हो जाती है। इससे पहले आखिरी बार 1989 में कांग्रेस ने 197 सीटें जीती थीं और लोकसभा में एक मजबूत विपक्ष की मौजूदगी दिखी थी। लेकिन इस बार उससे भी मजबूत विपक्ष है। तभी यह विपक्षी पार्टियों और विपक्षी राजनीति दोनों के लिए बड़ा मौका है। विपक्ष को जनता ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। यह बताने की जरुरत नहीं है कि किस बात के लिए मतदाताओं ने विपक्ष को इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। विपक्ष का पूरा प्रचार इस बात पर केंद्रित था कि संविधान की रक्षा करनी है, लोकतंत्र की रक्षा करनी है और आरक्षण बचाना है। आरक्षण को तो खैर अभी कोई खतरा नहीं दिख रहा है। लेकिन संविधान और लोकतंत्र के सामने जो प्रत्यक्ष चुनौती है और जिसे पिछले 10 साल में संसद की कार्यवाही में सबने देखा है उससे निपटने की जिम्मेदारी मतदाताओं ने विपक्ष को सौंपी है। पिछले 10 साल में विपक्ष को पूरी तरह से दरकिनार करके संसद की कार्यवाही चली है। विपक्ष की गैरहाजिरी में विधेयक पास कराए गए। विपक्ष के सांसदों के निलंबन का इतिहास देश ने पिछले 10 साल में बनते हुए देखा। डेढ़ सौ सांसद एक बार में निलंबित किए गए। विपक्ष के सांसद संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने रात दिन धरने पर बैठे रहे और सरकार की ओर से किसी ने उनकी ओर ध्यान देने की जरुरत नहीं समझी। संसद के अंदर मनमानी की जो परंपरा स्थापित हो रही थी उसे रोकने की जिम्मेदारी मजबूत विपक्ष के ऊपर है। पिछले 10 साल में तमाम संसदीय परंपराओं को ताक पर रख दिया गया था। यह पहली बार हुआ था कि 17वीं लोकसभा में उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया लेकिन उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हुई। संसद की स्थायी समितियों की बैठकें लगातार कम होती जा रही हैं और लोक लेखा समिति की भूमिका बेहद सीमित हो गई है।

# पूर्णिया में पप्पू यादव ने मतगणना से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि मतगणना पारदर्शी और निष्पक्षता से होनी चाहिए

## जिला कलक्टर को चेताया कि बेईमानी के खिलाफ महाभारत का संग्राम करने को उनके कार्यकर्तागण कफन बांध कर मौके पर तैनात रहेंगे

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मधुबनी।** सीमांचल लोक सभा चुनाव के संदर्भ में मंगलवार 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर सीमांचल पूर्णिया प्रमंडल के चारो संसदीय क्षेत्रों में 3 जून से ही राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है उम्मीदवारगण मतगणना स्थल की ओर कूच करने के लिए अपने अपने कील कांटों को चुस्त दुरूस्त करने में लग गए तो दूसरी ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी भी अपने लाव लश्कर को चुस्त दुरूस्त करते हुए अपने निर्वाचन कर्मियों की ड्यूटी को लेकर सजग और सक्रिय हो गए हैं दिल्ली में चुनाव आयोग की ओर से 1952 के बाद से अब तक की चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत मतगणना से एक दिन पहले पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अपनी सजगता को दशार्ने की कोशिश की गई जिसके संबोधन के दौरान चुनाव आयोग ने इस बात को स्वीकार किया कि मतगणना से एक दिन पहले की जाने वाली उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस 1952 से लेकर अब तक का पहला प्रेस कॉन्फ्रेंस है दूसरी ओर कई संसदीय क्षेत्र के नामी गिरामी उम्मीदवार भी चुनाव आयोग दिल्ली की तर्ज पर अंतिम दौर की चुनावी प्रक्रिया के अंतर्गत अपनी ओर से मतगणना के एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने से नहीं चुके।



इसी क्रम में बीते लोक सभा चुनाव के दौरान बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश की चुनावी चचाओं के बीच चर्चा के केन्द्र में रहे सीमांचल के पूर्णिया संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भी 4 जून को होने वाली चुनावी मतगणना से एक दिन पहले 3 जून को अपने चुनाव कार्यालय अर्जुन भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री के रूप में रहते हुए भी मोदी जी मीटिंग पर मीटिंग करते चले जा रहे हैं और मतगणना का साइक्लोजिकल इफेक्ट जनता पर थोपने की कोशिश में एक्जिट पोल की झूठ को फैलवा रहे हैं यानि कि लोकतंत्र की हत्या करने पर उतारू हो गए हैं।

पप्पू यादव ने सीना ठोक कर कहा है कि मैंने भी मतगणना के दौरान 5 सदस्यीय सीनियर मोस्ट लॉयर टीम को मतगणना स्थल पर तैनात कराया है और अगर बेइमानी की कोशिश की गई तो मरता क्या नहीं करता की तर्ज पर हमारा एक एक कार्यकर्ता मरने के लिए तैयार हो जाएगा उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता इस बाबत पूरी शिद्दत से तैयार हो कर मतगणना स्थल पर कफन बांध कर मौजूद रहेंगे पूर्णिया संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी पप्पू यादव ने इस क्रम में पूर्णिया के जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी सहित तमाम सरकारी प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे मतगणना में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतेंगे और पोस्टल बैलेट की गणना की प्रक्रिया को भी नियम संगत पूरा कराएंगे उन्होंने समस्त सरकार और प्रशासन को चेताया है कि लोकतंत्र पर कुठाराघात पहुंचाने की कोई भी कोशिश महंगी पड़ सकती है।बनावटी एक्जिट पोल के साइक्लोजिकल इफेक्ट को स्थापित करने की आप सभी की हरेक कोशिश को हमलोग अपनी सतर्कता से नाकाम करके रहेंगे।क्योंकि हम आपके फर्जी एक्जिट पोल का झूठा प्रलाप सुन रहे हैं कि जहां पर पांच ही सीट का संसदीय क्षेत्र है वहां आपका एक्जिट पोल आपको बेशर्मी के साथ छह सीटों पर और जहां मात्र दस सीटें हैं वहां पर आपको 12 से 13 सीटों जीत दिला रहा है उन्होंने कहा कि जनता ने चुनाव आयोग पर जिस तरह से भरोसा करके अपना मतदान किया था उसी तरह से जनता को भरोसा है कि चुनाव आयोग पूरी निष्पक्षता के साथ मतगणना की प्रक्रिया को भी अंजाम दिलाएगा उन्होंने कहा कि देश भर की जनता का ईवीएम मशीन को लेकर जो सवाल वर्षों से खड़ा है वह सवाल आज भी देश भर में स्थापित है लेकिन उसके बाबजूद भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भरोसा करके देश भर की जनता ने मतदान किया और अब उसी भरोसे के तहत मतगणना संपन्न होने की इंतजार भी जनता कर रही है उन्होंने दस साल के भाजपाई शासन काल पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के सारे सपने टूट गए हैं। न सिर्फ महंगाई चरम पर पहुंच गई है वल्कि न्याय भी भ्रष्टाचारियों की भेंट चढ़ गई है।

# पूर्णिया लोकसभा चुनाव में पप्पू यादव की जीत यह बता रहा एक अकेला सब पर भारी : डॉ मुन्ना खान

**मधुबनी ।** दरभंगा जहां कई पार्टियों के दिग्गजों पूर्णिया में कैंप करने के के बाद भी जनता के सेवक पूर्व सांसद पप्पू यादव भारी मतों से विजय हुए हैं। यह जश्न सिर्फ पूर्णिया ने नहीं मनाया जा राहा है पूरे बिहार में मनाया जा राहा है।दरभंगा के जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ मुन्ना खान ने अपने आवासीय कार्यालय पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ लुड्डू से मुंह मीठा कराया गया। डॉ मुन्ना खान ने कहा प्रणाम पूर्णिया से शुरू हुआ कार्यक्रम बुधवार को अपने आवास पर धन्यवाद पूर्णिया में समापन नहीं हुआ अब चलेगा काम पूर्णिया ,जनता के सेवक



सांसद पप्पू यादव ने जो जीत हासिल की है यह पूर्णिया की जनता की जीत बताया। जिस तरीके से कहीं भी कुछ भी होता था बिना जाति धर्म देखें पप्पू यादव पहुंचते थे। जीत के बाद भी पप्पू यादव पहुंचेंगे, उनका सेवा दल भी जनता की सेवा में आगे भी लगा रहेगा। उन्होंने कहा इस जीत की खुशी के मौके पर चुनमुन यादव,पुतिन बिहारी चंद्रकांत सिंह, मणिकांत यादव, पप्पू सरदार, पिंटू खान, दिलशाद, कासीफ इकबाल,कुणाल पांडे, दीपक झा, आतिफ हसनैन, दस्तगीर अंसारी सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे। जहां कई पार्टियों के बड़े-बड़े दिग्गजों ने बड़े-बड़े रैली करके अपने उम्मीदवार को जिताने की पूरी कोशिश की गई थी। श्री खान ने कहा पप्पू यादव एक अकेला सब पर भारी है और पूर्णिया की जनता के आशीर्वाद से ही उन्होंने जीत हासिल किया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# पर्यावरण दिवस पर विचार तथा काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

## पर्यावरण संरक्षण हमारी रोजमर्रा की आदतों में शामिल होना चाहिए– शशि दीप

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के अभिन्न अंग विश्व साहित्य सद्भाव परिषद व वी सी सी हाउसिंग सोसाइटी के तत्वावधान में गत बुधवार 5 जून 2024 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विचार तथा काव्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया। परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष व इस कार्यक्रम की सूत्रधार श्रीमती शशि दीप मुम्बई के अनुसार यह विचार तथा काव्य गोष्ठी क्लब हाऊस वी सी सी ठाकुर विलेज कांदिवली ईस्ट मुम्बई में शाम 05 बजे से रखा गया था, जिसमें मुम्बई की साहित्यकार, लेखिकाओं व जागरूक गृहणियों व कामकाजी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में नागपुर की जानी-मानी साहित्यकार श्रीमती निर्मला पांडे जी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थीं जिनका कार्यक्रम के प्रारम्भ में अंजली पाटिल, अंजली निगम व आरती चव्हाण द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया व शशि दीप ने एलोवेरा का पौधा देकर विशेष सम्मान किया। कार्यक्रम में सभी सहभागियों ने पर्यावरण के संबंध में अपने विचार रखे, रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग आने वाले कई नए-नए इको फ्रेंडली प्रेक्टिसेस के बारे में अवगत कराया। कुछ सदस्यों ने शानदार प्रेरणादायक कविताएं पढ़कर उपस्थित ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें प्रमुख रूप से मेधा मोदी, मंजू उपाध्याय, आशा शर्मा और अंजलि पाटिल की कविताएं सराहनीय रही। पर्यावरण सम्बन्धित विचारों में प्रतिभा सिंघल ने ज्यादा से ज्यादा ग्रीनरी लगाने पर बल दिया, अंजली निगम ने 'ऑप्टीमम यूज ऑफ रिसोर्सेज' व रिड्यूस, रिसायकल व रीयूज को अपनाने की बात कही, दिशा व्यास ने ई- वेस्ट मैनेजमेंट की आदत डालने पर जोर दिया वहीं मंजूषा भाले ने वृक्षों को किसी भी सूरत पर कटवाने पर रोक लगाने को कहा, वहीं श्वेता पांडे ने बच्चों को गैजेट्स से दूर रखकर फिजिकल एक्टिविटीस में बिजी रखने पर जोर दिया। बहुतों ने माना कि प्लास्टिक सेग्रीवगेशन तथा गीला व सूखा गारबेजेस को अलग अलग इकठ्ठा करना पर्यावरण के लिए कितना अहम है। अंत में मुख्य अतिथि निर्मला पांडे जी ने पर्यावरण प्रेम पर आधारित अपनी एक कविता का पाठ किया जिससे उपस्थित ऑडियंस अपने-अपने गावों की सैर और नीम के पेड़ की छांव की याद में खो गए। अंत में इंदु श्रीवास्तव जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों में इंदु श्रीवास्तव, रसीला कावा, ऊषा अधालखा, संतोष सिंघल, शशि कला जी, सुधा श्रीवास्तव, श्रीमती मोदी जी व अन्य नाम श्रीमती आशा शर्मा, मंजू उपाध्याय, मंजूषा भाले, अंजली निगम, अंजली पाटिल, श्वेता पांडे, मेधा मोदी, प्रतिभा सिंघल, शुभा कक्कर, दिशा व्यास, आरती चव्हाण, मिनी शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। उपस्थित साथियों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता पर आधारित इस विशेष गोष्ठी के संयोजन, संचालन व कुशल निष्पादन के लिए शशि दीप की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की कवरेज अंजली पाटिल, आरती व युवा वॉलंटियर मिनी शर्मा ने किया।




# द्वारकामाई संस्था ने किया व.पु.नि. शशिकांत जगदाले को सम्मानित

## राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित है पुलिस अधिकारी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कुरार पुलिस स्टेशन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर शशिकांत जगदाले को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में द्वारिकामाई चैरिटी संस्था की टीम द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुंबई अध्यक्ष एड. जितेंद्र शर्मा, दिंडोशी पदाधिकारी अशोक वर्मा, वार्ड 43 महिला अध्यक्ष पूनम सोनी सहित आशा, नीलम आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इमरान फ्रुटवाला ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के युथ विंग चेयरमैन हुए 'बेस्ट लिडरशीप अवार्ड' से सम्मानित

**संवाददाता शोएब म्यानुंर**

**बोईसर।** बोईसर में 1 जुन 2024 को ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के युथ विंग कन्वेंशन के मौके पर महेमाने चिफ गेस्ट ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफिसर की मौजूदगी में वेस्ट महाराष्ट्र युथ विंग की तरफ से युथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रुटवाला को 'बेस्ट लिडरशीप अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस मौके पर ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के झोनल सेक्रेटरी रफीक भाई भोजानी, बोईसर मेमन जमात के प्रेसिडेंट मकसुद खैरानी, वेस्ट महाराष्ट्र कंन्वेनर सलमान छत्रीवाला, युथ विंग कॉर्डिनेटर वसीम नवीवाला, युथ विंग स्टुडेंट पेनल कंन्वेनर यासीन मेमन ऑफीसर, युथ विंग बोईसर इंचार्ज शहजाद मेमन, जावेद फत्ता, सलीम नडियादवाला हैदराबाद, इल्यास डांगरा औरंगाबाद, के साथ साथ कई नामी गिरामी सख्सियात मौजूद थे। इमरान फ्रुटवाला को 'बेस्ट लिडरशीप एवोर्ड' मिलने पर देश भर के ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की युथ विंग की 73 टीमों ने और 12 नेटवर्किंग पेनल ने इमरान फ्रुटवाला की काम की सारहना करते हुए मुबारकबादी के मेसेज दीए।




# महाराष्ट्र पहुंचा मानसून, 10 जून तक मुंबई में दस्तक देने की उम्मीद

**मुंबई।** भीषण गर्मी और गंभीर जल संकट से जूझ रहे राज्य के लोगों के लिये राहत देने वाली खबर है। दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को महाराष्ट्र पहुंच गया है जिससे राज्य को कुछ राहत मिली है। भीषण गर्मी और गंभीर जल संकट से जूझने वाले हिस्सों को मानसून आने से विशेष राहत मिली है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक सुनील कांबले ने बताया कि मानसून दक्षिण कोंकण के सिंधुदुर्ग जिले और पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली और कोल्हापुर तक पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि 9 से 10 जून के बीच मानसून मुंबई पहुंच सकता है। दक्षिणी राज्यों में समय से पहले आने के बाद मानसून अब महाराष्ट्र पहुंच गया है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 1 जून से मानसून सीजन शुरू हो गया है जिसमें सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### 300 करोड़ की प्रॉपर्टी, भाड़े के हत्यारे, कार से कुचलवाया...

संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलने से नाराज बहू ने पुरुषोत्तम पुट्टेवार की सुपारी देकर हत्या करा दी। सुपारी किलर्स ने कार से कुचलकर वारदात को अंजाम दिया। इस कार को खरीदने के लिए पुरुषोत्तम पुट्टेवार की बहू ने पैसे दिए थे। अर्चना ने आरोपियों को साफ हिदायत दी थी कि हत्या हादसा ही लगना चाहिए। इसके लिए अर्चना ने एडवांस में दो लाख रुपए भी दिए थे। आरोपी इस हत्या को हादसा दिखाने में कामयाब भी हो चुके थे, लेकिन पुरुषोत्तम पुट्टेवार के भाई ने बहू की पोल खोलकर रख दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुपारी किलिंग की घटना 22 मई को नागपुर के मानेवाड़ा चौक के पास हुई थी। 300 करोड़ की पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

### महाराष्ट्र में बड़े सियासी फेरबदल के संकेत

फिलहाल महाराष्ट्र में बीजेपी में गिरीश महाजन का नाम सबसे आगे चल रहा है। गिरीश महाजन फिलहाल राज्य में बीजेपी के नंबर दो नेता हैं। उन्हें पार्टी के संकटमोचक नेता के तौर पर जाना जाता है। इसके अलावा वह देवेंद्र फडणपीस के बेहद करीबी और भरोसेमंद नेता हैं। दूसरी ओर, गिरीश महाजन ने उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों पर टिप्पणी हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं हुई है। देवेंद्र फडणवीस उपमुख्यमंत्री बन रहेंगे। प्रदेश भाजपा ने उनकी मांग को खारिज कर दिया है। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार के बाद देवेंद्र फडणवीस ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से उन्हें पार्टी संगठन के लिए उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने की मांग की है। दिलचस्प बात यह है कि अपनी इसी मांग को लेकर देवेंद्र फडणवीस दिल्ली दौरे पर गए हैं। देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की।

### सुप्रिया सुले की अजित पवार को चुनौती

उन्होंने मजदूरों के सामने लड़ने, जीतने और फैक्ट्री को पटरी पर लाने का संकल्प व्यक्त किया। सुप्रिया सुले ने उस मूल स्थान से निर्वाचित होने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है, जहां छत्रपति सहकारी चीनी फैक्ट्री के निदेशक पद से अजित पवार का राजनीतिक और सामाजिक करियर शुरू हुआ था। छत्रपति सहकारी चीनी मिल का चुनाव कुछ ही दिन में होने वाला है। ऐसे में सुप्रिया सुले का यह बयान काफी अहम हो जाता है। सुप्रिया सुले ने कहा कि बारामती लोकसभा क्षेत्र में जीत और इंदापुर में स्वागत देखकर मुझे पहली बार निर्वाचित होने का एहसास हुआ।

### सीएम एकनाथ शिंदे को लगेगा बड़ा झटका

कहा जा रहा है कि सभी छह विधायक उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में ठाकरे गुट में शामिल होंगे। ठाकरे समूह के एक नेता ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है। अगर उद्धव ठाकरे इन छह विधायकों को पार्टी में शामिल करवा लेते हैं, तो शिंदे समूह के अन्य विधायक भी ठाकरे समूह में शामिल हो सकते हैं। शिंदे गुट के विधायकों के ठाकरे के साथ शामिल होने के सवाल पर ठाकरे समूह के विधायक सचिन अहीर ने बेहद सधी हुई प्रतिक्रिया दी है।

रुद्रप्रयाग पुलिस संभाल रही मॉब मैनेजमेंट

# केदारनाथधाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ 7 लाख से अधिक भक्तों ने किए आराध्य के दर्शन

मुंबई हलचल / देहरादून

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। रुद्रप्रयाग के जिला मजिस्ट्रेट के अनुसार, 10 मई से अब तक केवल 28 दिनों में कुल 7,10,698 तीर्थयात्री विश्व प्रसिद्ध 11वें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम की यात्रा कर चुके हैं। बता दे कि, 10 मई से अब तक 7 लाख से अधिक भक्तों ने केदारनाथधाम के दर्शन किए। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 22 मई को अनिवार्य पंजीकरण के लिए एक सलाह जारी की।

### यात्री पंजीकरण के बाद निर्धारित तिथि पर ही यात्रा पर आएं

*हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण बंद होने से अब श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण के बाद ही यात्रा कर सकते हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे पंजीकरण के बाद निर्धारित तिथि पर ही यात्रा पर आएं। 2 जून को 19,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने श्री केदारनाथ धाम में पूजा-अर्चना की जिससे तीर्थयात्रियों की कुल संख्या 6,00,000 से अधिक हो गई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 12,857 पुरुषों, 6,323 महिलाओं और 304 बच्चों सहित कुल 19,484 तीर्थयात्रियों ने पवित्र मंदिर का दर्शन किया।*

### श्रद्धालु सुगम और निर्बाध दर्शन का आनंद ले रहे

राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, कुल 6,27,213 तीर्थयात्री श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस द्वारा प्रदान की गई सहायता के कारण केदारनाथ धाम में श्रद्धालु सुगम और निर्बाध दर्शन का आनंद ले रहे हैं। रुद्रप्रयाग द्वारा प्रदान की गई सहायता के कारण, केदारनाथ धाम में भक्त सहज और निर्बाध दर्शन अनुभव का आनंद ले रहे हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया।




### पिथौरागढ़ में स्थित है मां कामाख्या मंदिर

### दर्शन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं

*वहीं दूसरी ओर प्रदेश के सीएम पुष्कर धामी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "जनपद पिथौरागढ़ में अद्भुत सौंदर्य एवं हिमालय की चोटियों के मध्य स्थित माँ कामाख्या मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसी मान्यता है कि यहां माँ के दर्शन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अपने पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान यहां अवश्य पधारें।*

### सहयोग और सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात

श्री केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं को कतार में खड़ा करके सुचारू रूप से दर्शन कराए जा रहे हैं। सहयोग सुनिश्चित करने और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। रुद्रप्रयाग पुलिस ने श्रद्धालुओं को सलाह दी कि वे अपना पंजीकरण पूरा करने के बाद ही केदारनाथ धाम यात्रा पर आएं।



# 100 टन सोना वापसी का कोई और मतलब न निकालें : दास

मुंबई हलचल / मुंबई

- आरबीआई ने कहा, सोने को घरेलू तिजोरियों में रख दिया गया

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ब्रिटेन से 100 टन स्वर्ण भंडार भारत लाया है, क्योंकि देश में पर्याप्त भंडारण क्षमता है। इसका कोई और मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में संग्रहीत अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में स्थानांतरित कर दिया है। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

### सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में जमा

सूत्रों ने बताया कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है। अन्य देशों की तरह भारत का सोना भी बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास जमा है। भारत में 100 टन सोना वापस आने से स्थानीय स्तर पर भंडार में पड़े सोने की कुल मात्रा बढ़कर 408 टन से अधिक हो गई है। इसका अर्थ है कि स्थानीय और विदेशी होल्डिंग अब लगभग बराबर है।



### 413.79 टन सोना विदेशों में रखा गया

केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में जारी किए गए नोटों के बदले स्थानीय स्तर पर 308 टन से अधिक सोना रखा गया है। इसके अलावा 100.28 टन सोना स्थानीय स्तर पर बैंकिंग विभाग की संपत्ति के रूप में रखा गया है। कुल स्वर्ण भंडार में से 413.79 टन सोना विदेशों में रखा गया है।

### हमारे पास घरेलू भंडारण क्षमता है

दास ने यहां कहा कि विदेशों में रखे गए सोने की मात्रा लंबे समय से स्थिर थी। उन्होंने कहा, 'हाल के वर्षों में आंकड़े बताते हैं कि रिजर्व बैंक अपने भंडार के हिस्से के रूप में सोना खरीद रहा है और इसकी मात्रा बढ़ रही है। हमारे पास घरेलू (भंडारण) क्षमता है।'

### स्वर्ण भंडार बढ़कर 822 टन हुआ

गवर्नर ने कहा कि इसलिए यह निर्णय लिया गया कि भारत के बाहर रखे सोने को लाकर देश में उसको रखा जाए। उन्होंने कहा, 'बस इतना ही। इसके और कोई मायने नहीं निकाले जाने चाहिए।' आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया।

## खबर संक्षेप

### नारायणपुर: सीमावर्ती इलाके में मुठभेड़, 5 नक्सली ढेर



**नारायणपुर।** दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान 5 नक्सली मारे गए। 3 जवान भी घायल हो गए है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि 6 जून की रात से जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव के सीमावर्ती इलाके में पूर्व बस्तर डिविजन अंतर्गत ग्राम मुंगेडी, गोबेल में नक्सलियों के खिलाफ अंतर्जिला संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया था।

### आगजनी मामले में इरफान सोलंकी को 7 साल की सजा




**कानपुर।** कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में दोषी करार दिए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व साथी शौकत अली, मो. शरीफ, इसराइल आटे वाला की सजा का एलान हो चुका है। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी दोषियों को 7 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। डिफेंस कॉलोनी में एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी।

ब्रिटेन में होने वाले चुनाव में लेबर पार्टी की घोषणा

## 'ऑप. ब्लूस्टार' में ब्रिटिश सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे

मुंबई हलचल / लंदन

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होंगे। कई सर्वे में ये अनुमान लगाया गया है कि इस बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी सरकार बना सकती है। इस बीच लेबर पार्टी ने घोषणा की है कि अगर इस चुनाव में उनकी जीत होती है तो सरकार बनाने के बाद वे 1984 में भारत में हुए ऑपरेशन ब्लू स्टार में ब्रिटिश सरकार की भूमिका की जांच कराएंगे। लेबर पार्टी की नेता एंजेला रेनॉर ने ब्रिटिश मीडिया से कहा कि



ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40 साल पूरे हो चुके हैं। हमारी पार्टी सिख समुदाय के साथ खड़ी है। हम उनकी मांग के मुताबिक लेबर पार्टी की सरकार बनने पर सच का पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे।

### ब्रिटिश एयर सर्विस ने मदद की थी

ये पहली बार नहीं है जब लेबर पार्टी के नेताओं ने ऑपरेशन ब्लू स्टार में थैचर सरकार की भूमिका की जांच की मांग की है। वे पिछले 10 सालों से ये मांग कर रहे हैं। दरअसल, 2014 में ऑपरेशन ब्लूस्टार घटना के 30 साल पूरे होने पर एक रिपोर्ट आई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमृतसर के स्वर्ण मंदिर पर हुई भारतीय सेना की कार्रवाई में ब्रिटिश स्पेशल एयर सर्विस ने मदद की थी।

### खालिस्तानी उग्रवादियों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कनाडा में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40 वीं बरसी पर इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकाली गई। यह झांकी वैंकूवर में निकाली गई। इसमें इंदिरा गांधी का पुतला दिखाया गया था। जिसमें गोलियों से छलनी किया गया था। साथ ही उनके हत्यारे बेअंत सिंह और सतवंत सिंह को इंदिरा गांधी पर बंदूक ताने दिखाया गया। इसके बाद शुक्रवार को भारतीय अधिकारियों ने कहा है कि वे इस मुद्दे पर कनाडाई अधिकारियों से जवाब मांगेंगे।

### विदेश मंत्री ने कहा-भारत विरोधी तत्वों को जगह दी

भारत विरोधी तत्वों को जगह दी इस साल फरवरी में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत के लिए कनाडा को लेकर सबसे बड़ा मुद्दा यही है कि वहां आतंकवादियों, अलगाववादियों और भारत विरोधी तत्वों को जगह दी गई है। जयशंकर ने कहा था, कनाडा कहता है कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का हक है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि डिप्लोमैट्स को धमकाया जाए। किसी देश के दूतावास पर स्मोक बम फेंकना और हिंसा करना अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।


पीएम मोदी को भारत में जल्द से जल्द सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं दी

# जेलेंस्की ने मोदी को स्विटजरलैंड के पीस समिट में शामिल होने का न्योता दिया

मुंबई हलचल / कीव

*राष्ट्रपति ने 5-16 जून को स्विटजरलैंड में होने वाले शांति सम्मेलन में भारत की भागीदारी की अपील की*

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने गुरुवार को कार्यवाहक पीएम मोदी को फोन कर लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। इसके बाद उन्होंने 15-16 जून को स्विटजरलैंड में होने वाले शांति सम्मेलन में भारत की भागीदारी की अपील की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, मैंने कार्यवाहक पीएम मोदी को भारत में जल्द से जल्द सरकार बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं, जिससे वे भारतीयों के विकास के लिए काम करते रहें।



फाइल

### दूसरे देशों को रूस के खिलाफ भड़काना चाहता है यूक्रेन

*इसके अलावा पिछले महीने के आखिर में चीन ने भी इस समिट में शामिल होने से इनकार कर दिया। 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद पिछले महीने चीन के दौरे पर गए पुतिन ने कहा था कि स्विस समिट के जरिए यूक्रेन दुसरे देशों को रूस के खिलाफ भड़काकर अपने पक्ष में करना चाहता है। इसके बाद रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सुझाव दिया था ।*

### कार्यवाहक पीएम मोदी ने शुक्रिया अदा किया

जेलेंस्की ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत इसमें जरूर शामिल होगा उन्होंने पीएम मोदी को यूक्रेन का न्योता भी दिया। जेलेंस्की के बधाई संदेश पर पीएम मोदी ने उनका शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में मोदी ने कहा, राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करके खुशी हुई। मैंने आम चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक जीत पर बधाई के लिए उन्हें धन्यवाद कहा। हम दोनों ने भारत और यूक्रेन की साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति जताई।

## चीन की नाराजगी पर ताइवान ने दिखाई आंखें, कहा-भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित

**ताइवे।** ताइवान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी तो चीन भड़क गया और इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी देशों को वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करना चाहिए। चीन की नाराजगी पर अब ताइवान ने भी ड्रैगन को आंखें दिखाई हैं और कहा है कि वह भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।



### यह है पूरा मामला

दरअसल भारत के आम चुनाव के नतीजों में कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की जीत मिली है और नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस पर दुनियाभर के नेता प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग ते ने भी नरेंद्र मोदी को जीत की बधाई दी, जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी जवाब में ताइवान के राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया। इस पर चीन भड़क गया और एक चीन नीति के हवाले से दोनों नेताओं के आपसी शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर नाराजगी जताई।

### भारत-चीन के अच्छे रिश्ते

भारत में स्थित चीनी दूतावास ने एक बयान में कहा कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक चीन नीति सार्वभौमिक तौर पर मान्यता प्राप्त मापदंड है। चीनी दूतावास ने कहा कि भारत के चीन के साथ कूटनीतिक रिश्ते हैं और भारत चीन की स्थिति को जानता है। एक चीन नीति के संदर्भ में भारत ने गंभीर राजनीतिक प्रतिबद्धताएं की हैं और उसे इन्हें मान्यता देते हुए ताइवान के किसी भी विरोध को लेकर सावधान हो जाना चाहिए।

### चीन की नाराजगी अनुचित

ताइवान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किए एक बयान में कहा, 'दो लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के बीच शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। डराना और धमकाना कभी भी दोस्ती को नहीं पनपने देता। ताइवान आपसी फायदे और साझा मूल्यों के चलते भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।

विलियम्स ने कहा-आईएसएस मेरे लिए दूसरे घर जैसा, एस्ट्रोनॉट्स को गले लगाया

# बोइंग स्पेसक्राफ्ट से तीसरी बार अंतरिक्ष पहुंचीं सुनीता, स्पेस स्टेशन पहुंचकर किया डांस

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बोइंग के स्पेसक्राफ्ट से तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर गईं भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचते ही डांस करती नजर आईं। यहां उन्होंने दूसरे सभी एस्ट्रोनॉट्स को गले से लगा लिया। सुनीता के आईएसएस पहुंचने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

इसमें उनके स्पेस स्टेशन पहुंचने पर एक घंटी बजती सुनाई देती है। दरअसल, ये आईएसएस की परंपरा है कि जब भी वहां कोई नया अंतरिक्ष यात्री पहुंचता है, तो बाकी एस्ट्रोनॉट्स घंटी बजाकर उसका स्वागत करते हैं। सुनीत विलियम्स ने आईएसएस के सदस्यों को अपना दूसरा परिवार बताया। उन्होंने कहा, आईएसएस मेरे लिए दूसरे घर जैसा है। साथ ही उन्होंने शानदार स्वागत के लिए सभी एस्ट्रोनॉट्स को धन्यवाद भी कहा।



### मिशन सफल हुआ तो नासा के पास पहली बार 2 स्पेसक्राफ्ट होंगे

इस मिशन के सफल होने पर इतिहास में पहली बार अमेरिका के पास एस्ट्रोनॉट को स्पेस में भेजने के लिए 2 स्पेसक्राफ्ट हो जाएंगे। अभी अमेरिका के पास इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट ही है। नासा ने साल 2014 में स्पेसएक्स और बोइंग को स्पेसक्राफ्ट बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। स्पेसएक्स 4 साल पहले ही इसे बना चुकी है।

### 26 घंटे का सफर

*उन्होंने अपने शानदार स्वागत के लिए क्रू मेंबर्स का शुक्रिया अदा करते हुए उन्हें परिवार बताया. उन्होंने कहा, मैं आप सभी को मिस नहीं कर रही हूं। आपको यह जानकर खुशी होगी कि मैं यहां अपने एक और परिवार के साथ हूं और मैं यहां बहुत खुश हूं. बता दें, विलियम्स और विल्मोर स्टारलाइनर उड़ाने वाले पहले क्रू मेंबर्स हैं। उन्होंने फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च होने के करीब 26 घंटे बाद बोइंग स्पेसक्राफ्ट को आईएसएस पर सफलतापूर्वक उतारा।*

### खुद ही स्पेसक्राफ्ट को कंट्रोल किया

बता दें, स्पेसक्राफ्ट आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन क्रू ने करीब दो घंटे की ऑटो फ्लाइट के दौरान खुद ही स्पेसक्राफ्ट को कंट्रोल किया। उन्होंने स्टारलाइनर को धरती की तरफ घुमाया ताकि सर्विस मॉड्यूल के पीछे लगे इसके कम्युनिकेशन एंटीना को ट्रैकिंग और डेटा रिले सैटेलाइट की तरफ मोड़ा जा सके। इसके बाद उन्होंने स्पेसक्राफ्ट को इस तरह घुमाया कि उसका मुंह सूरज की तरफ हो ताकि जरूरत पड़ने पर वे इंटरनल बैटरी को चार्ज कर सकें। इस पूरी एक्सरसाइज का मकसद यह दिखाना था कि अगर तीनों फ्लाइट कंप्यूटर एक साथ बंद हो जाएं तो वे स्पेस में काम कर सकते हैं। उन्होंने मैन्युअली स्पेसक्राफ्ट की स्पीड बढ़ाई और फिर उसे धीमा किया, ताकि जरूरत पड़ने पर क्रू स्पेस स्टेशन की ऑर्बिट से खुद को अलग कर सके।

# अमेरिका ने रूस और चीन तक मार करने वाली मिनटमैन-3 मिसाइल का किया सफल परीक्षण



*मिनटमैन -3 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे पहले ही अमेरिकी सेना में शामिल किया जा चुका है*

### पावर के लिए मिसाइल में लगाए तीन इंजन

मिनटमैन-3 मिसाइल का निर्माण अमेरिकी कंपनी बोइंग डिफेंस ने किया है। इस मिसाइल को पावर देने के लिए तीन सॉलिड प्रोपेलैंड रॉकेट मोटर का इस्तेमाल किया गया है। इसके पहले चरण में एटीके एम 55 ए 1, दूसरे में एटीके एसआर-19 और तीसरे चरण में एटीके एसआर-73 इंजन का इस्तेमाल किया जाता है। मिनटमैन-3 मिसाइल का वजन 36,030 किलोग्राम होता है।

मुंबई हलचल / वॉशिंगटन

अमेरिका ने मकैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से मिनटमैन-3 मिसाइल का परीक्षण किया है। मिनटमैन-3 एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे पहले ही अमेरिकी सेना में शामिल किया जा चुका है। इस परीक्षण को यूएस स्पेस फोर्स ने अंजाम दिया है।

परीक्षण के बाद स्पेस फोर्स ने कहा, "एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड ने वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से एक अनआर्म्ड मिनटमैन-3 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परिचालन परीक्षण किया। एयर फोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड के अनुसार, आईसीबीएम परीक्षण लॉन्च कार्यक्रम का उद्देश्य हथियार प्रणाली की सुरक्षा, प्रभावशीलता और तत्परता को मान्य और सत्यापित करना है। इसका उद्देश्य यह प्रदर्शित करना है कि अमेरिका का न्यूक्लियर डेटरेंस सुरक्षित, विश्वसनीय और प्रभावी रहे।

### 3 जगह हमला करने में सक्षम

मिनटमैन-3 की रेंज लगभग 10000 किलोमीटर तक बताई जाती है। इतना ही नहीं, मिनटमैन-3 मिसाइल 24,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है। इसमें तीन वारहेड लगाए जा सकते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि यह मिसाइल एक साथ तीन जगहों पर परमाणु हमला करने में भी सक्षम है। मिनटमैन-3 की एक यूनिट की कीमत 7 मिलियन डॉलर है। वर्तमान में अमेरिका के पास मिनटमैन-3 की 530 यूनिट एक्टिव हैं।

### मिसाइल के नाम में भी छिपे हैं अर्थ

मिनटमैन मिसाइल का पूरा नाम एलजीएम-30 जी मिनटमैन-3 है। एलजीएम में एल का अर्थ साइलो लॉन्च मिसाइल से है। इसे अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कोड के तौर पर निर्धारित किया है। जी का अर्थ ग्राउंड अटैक यानी जमीन पर मार करने वाली और एम का अर्थ गाइडेड मिसाइल है। इतना ही नहीं, इसके नाम में जुड़ा 30 मिनटमैन सीरीज की मिसाइलों के लिए और उसके बाद लगा जी वर्तमान की मिनटमैन-3 मिसाइल को बताता है।

### दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का चौथा टेस्ट टेक्सास के बोका चिका में लॉन्च

*टेक्सास। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप को टेक्सास के बोका चिका में शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया। ये टेस्ट 65 मिनट का है। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाने के बाद वापस पृथ्वी पर लाया जाएगा और पानी में लैंडिंग कराई जाएगी। इससे पहले रॉकेट का तीसरा टेस्ट करीब-करीब सक्सेसफुल था, जिसे 14 मार्च को शाम 6:55 बजे टेक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था।*





CMYK CMYK

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का पूरे देश के कार्यकर्तओं का मनोबल बढ़ाने हेतु आभार : कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने 10 राजाजी मार्ग स्तिथ अपने आवास पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ताओं व सोशल मीडिया के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के लिये लोकसभा 2024 चुनाव के उपरांत 'हाई-टी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे देश से विभिन्न राज्यों से कांग्रेस के 145 वरिष्ठ नेताओं ने भागीदारी करी जिसमें से उत्तराखंड से प्रवक्ता के रूप में अभिनव थापर व सोशल मीडिया कोर्डिनेटर के रूप में अमरजीत सिंह ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में चाय पर





लोकसभा चुनाव के अनुभवों पर चर्चा करने के बाद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी जी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी के साथ पूरे देश भर से आये नेताओं से लोकसभा चुनाव के अनुभवों पर चर्चा करी। उत्तराखंड कांग्रेस के नेता अभिनव थापर ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी व पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में मेहनत से कार्य करने के लिए आभार व्यक्त किया और व्यक्तिगत रूप से मिलकर देश के कई राज्य से आये कार्यकर्तओं का मनोबल बढ़ाया। राष्ट्रीय नेतृत्व ने सबको भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कांग्रेस के कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल जी, राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया कमेटी के अध्यक्ष पवन खेड़ा जी, राज्यसभा सांसद जयराम रमेश जी, कांग्रेस महासचिव गुरदीप सिंह सप्पल जी, सोशल मीडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत जी, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी, प्रमोद तिवारी जी, चयनिका उनियाल जी, रागिनी नायक जी, सहित कई राष्ट्रीय नेताओं ने भाग लिया।

### उद्योग जगत ने आरबीआई के निर्णय का किया गया स्वागत

# मुद्रास्फीति स्थिर होने पर रिजर्व बैंक कर सकता है रेपो दर में कटौती : उद्योग जगत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लगातार आठवीं बार नीतिगत दर रेपो को अपेक्षाओं के अनुरूप 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है।

उद्योग जगत ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उसे उम्मीद है कि जब मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य दायरे के भीतर स्थिर हो जाएगी तो केंद्रीय बैंक रेपो दर को कम करेगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने अपने बयान में कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की लगातार आठवीं बैठक में रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

## सीपीआई को ध्यान में रखा गया

रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दोनों तरफ दो प्रतिशत के घट-बढ़ के साथ) पर बनी रहे। केंद्रीय बैंक अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को ध्यान में रखता है।

- उद्योग जगत को उम्मीद मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य दायरे में स्थिर होगी
- आरबीआई ने लगातार आठवीं बैठक में रेपो दर स्थिर रखी
- मुद्रास्फीति चार प्रतिशत घट-बढ़ के साथ स्थिर बनी हुई



## मानसून को देखते खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमानः फिक्की

केंद्रीय बैंक ने सामान्य मानसून की स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के अध्यक्ष अनीश शाह ने कहा, हम चालू वित्त वर्ष में वृद्धि पर आरबीआई के दृष्टिकोण से उत्साहित हैं।

**मूल्य स्थिरता पर केंद्रीय बैंक का ध्यानः एसोचैम :** रेपो दर को यथावत रखने के आरबीआई के फैसले पर एसोचैम के सचिव दीपक सूद ने कहा, 'पर्यावरण अनुकूल आर्थिक वृद्धि के लिए मूल्य स्थिरता पर आरबीआई का अटूट ध्यान भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक और मजबूत आधार को और बेहतर करेगा।'

***चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 फीसदी जीडीपीः एस्सार पोर्ट्स :*** *एस्सार पोर्ट्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ राजीव अग्रवाल ने कहा 'चालू वित्त वर्ष के लिए 7.2 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती और वृद्धि क्षमता का प्रमाण है।*

## नीतिगत रुख में नरमी आएगीः पीएचडी चैंबर

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति का रुख आरबीआई के लक्ष्य दायरे के भीतर स्थिर हो जाएगा और उसके बाद केंद्रीय बैंक के नीतिगत रुख में नरमी आएगी।'

## मौद्रिक समीक्षा की मुख्य बातें

- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया गया।
- नीतिगत दर (रेपो) 6.5 प्रतिशत पर यथावत।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत पर बरकरार।
- खाद्य मुद्रास्फीति अब भी चिंता का विषय।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चालू खाते का घाटा यानी कैड टिकाऊ स्तर के भीतर रहने की उम्मीद।
- 31 मई, 2024 तक विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के नए उच्चस्तर पर पहुंचा।
- थोक जमा सीमा दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर तीन करोड़ रुपये की गई।
- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत निर्यात और आयात नियमों को तर्कसंगत बनाया जाएगा।
- आरबीआई भुगतान धोखाधड़ी के जोखिम को कम करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने को डिजिटल भुगतान 'इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म' स्थापित करेगा।
- फास्टैग, एनसीएमसी और यूपीआई-लाइट वॉलेट को ई-मैंडेट के तहत लाने का प्रस्ताव।
- अगली मौद्रिक नीति घोषणा आठ अगस्त को।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# लगातार बढ़ रही ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए आरबीआई ने किया अहम ऐलान

## लॉन्च करेगा डिजिटल पेमेंट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म

## उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए आरबीआई की पहल का स्वागत : शंकर ठक्कर




**कॉन्फडरेशन** ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महाराष्ट्र प्रदेश के महामंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया देश में लगातार ऑनलाइन ट्रांजैक्शन बढ़ रहे हैं उसके साथ-साथ ऑनलाइन धोखाधड़ियां भी बढ़ रही है इस पर नकेल कसना बहुत जरूरी था क्योंकि आजकल छोटे दुकानदार और रेडी पटरी पर भी अधिकतर भुगतान ऑनलाइन माध्यम से किया जा रहा है इसलिए यही लोग जो कि कम पढ़े लिखे हैं इसलिए धोखाधड़ी का शिकार आसानी से बनते हैं। कैट ने इस बात का संज्ञान लेते हुए आरबीआई से डिजिटल पेमेंट करने वालों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की थी। पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल भुगतान की मुद्रा में वृद्धि और साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं के साथ, डिजिटल भुगतान की सुरक्षा को मजबूत करने और नियामक ढांचे को और अधिक कुशल बनाने के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय क्षेत्र में नवाचार शुरू किया है। पारिस्थितिकी तंत्र, प्रभाव और दक्षता को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव बनाए गए हैं। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा घोषित यह पहल भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और वित्तीय लेनदेन के लिए एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। गवर्नर दास द्वारा की गई प्रमुख घोषणाओं में से एक डिजिटल भुगतान इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म की स्थापना है। यह प्लेटफॉर्म उन्नत तकनीक की मदद से भुगतान धोखाधड़ी के जोखिमों को कम करने और डिजिटल लेनदेन की सुरक्षा बढ़ाने में उपयोगी होगा। 30 मई को आरबीआई द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों द्वारा रिपोर्ट की जाने वाली वित्तीय धोखाधड़ी की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, एक वर्ष में कुल 36,075 मामले सामने आए हैं। जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामने आए 13,564 मामलों की तुलना में 166 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। हालाँकि धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई, लेकिन इन घटनाओं में शामिल कुल राशि में काफी कमी आई। आरबीआई ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) के लिए थोक जमा सीमा को संशोधित करने का प्रस्ताव दिया है। आरबीआई ने कहा कि उसने बैंकिंग क्षेत्र के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया है। शंकर ठक्कर ने आगे कहा आरबीआई द्वारा की गई इस घोषणा का कैट और महासंघ ने स्वागत करते हुए उपभोक्ताओं को जालसाजी से बचाने के लिए उठाए गए इस कदम के लिए वित्त मंत्री का आभार जताया।

**कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, महाराष्ट्र प्रदेश महामंत्री : श्री शंकर ठक्कर**



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कैटरीना कैफ के देवर ने एक्ट्रेस शरवरी संग रिश्ता किया कंफर्म?



**एक्टर सनी कौशल** का एक पोस्ट वायरल हो रहा है। इस वायरल पोस्ट से फैंस कयास लगा रहे हैं। कि मुंज्या एक्ट्रेस शरवरी और सनी दोनों एक रिश्ते में है। सनी ने एक लंबा सा नोट लिखा इसमें उन्होंने अपने दिल की बात लिखी है। सनी और शरवरी के फैंस नोट को पढ़कर काफी खुश हो रहे हैं। इसमें सनी ने शरवरी के बारे में खुलकर बात की है। सनी कौशल कैटरीना कैफ के देवर और विक्की कौशल के भाई है। उन्होंने खुद कई फिल्मों में काम किया है। अब सनी कौशल ने अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड शरवरी वाघ की फिल्म 'मुंज्या' देखी है और उनकी जमकर तारीफ भी की है। सनी कौशल ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्या शानदार फिल्म है इसके हर सीन ने एंटरटेन किया है। इसके गाने, फिल्म की हर एक चीज शानदार है। इसके डायरेक्टर आदित्य सरपोतदार ने जबरदस्त काम किया है। ये फिल्म पूरी तरह से एक जादू है। सनी ने आगे कहा, अभय वर्मा आप बिट्टू की तरह प्यारे और परफेक्ट हैं। मोना सिंह मैम आपको देखकर खुशी हुई। आपके जैसा कोई नहीं। आखिर में सनी ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड शरवरी वाघ के लिए स्पेशल नोट लिखा। सनी कौशल ने कहा, शरवरी आप पूरी फिल्म में चमकती नजर आई हैं। खासकर नशे वाले सीन में। मैं उस सीन को देखकर जोर-जोर से हंस रहा था।



G. D. JALAN COLLEGE
Estd. : 2011
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board (MARWARI MINORITY)
*Upper Govind Nagar, Malad (East)*
NAAC accredited with B+ ISO 9001: 2015 Certified College
Admissions Open
The following programs are as per National Education Policy (NEP 2020)
B.Com.: : Bachelor of Commerce
B.Com.: : Bachelor of Commerce (Management Studies)
B.A.F.: : Bachelor of Commerce (Accounting and Finance)
B.Sc.: : Bachelor of Science
B.Sc.I.T.: : Bachelor of Science (Information Technology)
College Code : MU-0527
Contact Number: 9321558419/ 9321674124